# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2024 / दिनांकः

## परिपत्र

1. प्राचार्य / प्राचार्या,
   समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
   राजस्थान विश्वविद्यालय,
   जयपुर।
2. निदेशक / विभागाध्यक्ष
   समस्त पी.जी. स्कूल्स / शैक्षणिक केन्द्र / विभाग,
   राजस्थान विश्वविद्यालय,
   जयपुर।

**विषयः–** APAAR आई.डी. / ABC आई.डी. नहीं बनने एवं तकनिकी त्रुटि के कारण विद्यार्थियों के समक्ष ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु दिशा–निर्देश।

**महोदय / महोदया,**

जैसा कि आपको विदित ही है कि विश्वविद्यालय नियम एवं प्रक्रियानुसार प्रत्येक परीक्षार्थी को अपनी APAAR आई.डी. / ABC आई.डी. बनवाना एवं यदि इनमें किसी भी प्रकार की तकनिकी अथवा अन्य त्रुटि है तो तत्संबंधित नियम एवं प्रक्रियानुसार इनमें आवश्यक संशोधन एवं अपडेशन करवाना अनिवार्य है, तद्नुसार ही विश्वविद्यालय परीक्षाओं के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरे जा सकते है।

इस परिप्रेक्ष्य में संज्ञान में आया है कि अभी तक असंख्य छात्र / छात्राओं द्वारा APAAR आई.डी. / ABC आई.डी. नहीं बनवायी गयी है तथा असंख्य छात्र / छात्राओं द्वारा पूर्व में बनवायी गयी आई.डी. में तकनिकी त्रुटि है या इनमें अपडेशन नहीं करवाया गया है जिसके कारण छात्र / छात्राओं के समक्ष शैक्षणिक सत्र 2024–25 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं के तत्कालिक निराकरण हेतु निम्नानुसार दिशा–निर्देश जारी किये जाते हैः–

1. ऐसे छात्र जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है एवं जिनकी APAAR आई.डी. तथा ABC आई.डी. किसी भी कारण स्वरूप बन नहीं पा रही है, वे अपने आधार कार्ड के आधार पर सम्बन्धित कॉलम मे 888888888888 अंक दर्ज कर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते है। ऐसे विद्यार्थियों के आधार कार्ड में उल्लेखित किये गये नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि का 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका में दर्ज विवरण से मिलान होना अनिवार्य है साथ ही आधार में अंकित मोबाईल नम्बर परीक्षा आवेदन पत्र के मोबाईल नम्बर से मिलान होना आवश्यक है।
2. उक्त छात्रों द्वारा अपनी APAAR आई.डी. / ABC आई.डी. प्रक्रियानुसार अतिशीघ्र तैयार करवायें तथा तद्नुसार https://erp.univraj.org पर भी अपलोड किये जाना सुनिश्चित किया जाये।
3. ऐसे छात्र जिनकी APAAR आई.डी. / ABC आई.डी. में त्रुटि है वे भी ABC ID/APAAR ID के कॉलम में 888888888888 दर्ज कर अपना परीक्षा आवेदन फॉर्म आधार नम्बर के आधार पर इस आशय के साथ भर सकते है कि वे आधार पोर्टल पर प्रक्रियानुसार APAAR आई.डी. तथा ABC आई.डी. अपडेट करवाने के पश्चात् तद्नुसार https://erp.univraj.org पर भी अपलोड किया जाना संबंधित छात्र / छात्रा एवं महाविद्यालय / केन्द्र / विभाग द्वारा सुनिश्चित करने का श्रम करे।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

ह०

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2024 / 63 – 70 दिनांकः 26-11-24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त परिपत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त परिपत्र को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में समाचार के रूप प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
4. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर– I, II / परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**